TITLE: Re: Need to increase the salaries of contract employees under Samagra Shiksha in Maharashtra.

श्री रामदास तडस (वर्धा): सभापति जी, धन्यवाद । मेरा सदन के माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करना है कि महाराष्ट्र में समग्र शिक्षा के अधीन काम करने वाले संविदा कर्मचारियों का वेतन विगत 5 वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है । यह गम्भीर मामला है । पूरे महाराष्ट्र में कुल 6,251 संविदा कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, जिनका वेतन पांचवें वेतन आयोग के हिसाब से तय किया गया है जबकि अभी सातवें वेतन आयोग के हिसाब से अन्य विभागों के संविदा कर्मचारियों को वेतन मिल रहा है ।

महोदय, आपसे निवेदन है कि सभी कर्मचारियों को अन्य कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग के हिसाब से वेतन देने हेतु प्रस्ताव करने के लिए वर्ष **2020-21** के फ्रेम वर्क में, पेज नंबर **322** के बीआरसी / सीआरसी में लिखे गये क्लॉज को हटाना जरूरी है। इसके बाद ही महाराष्ट्र सरकार वेतन बढ़ोत्तरी पर विचार कर पायेगी।

अत: आपसे निवेदन है कि इतनी बड़ी तादाद के संविदा कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सातवें वेतन आयोग के हिसाब से वेतन बढ़ोत्तरी करवाने की कृपा करें। ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : जो माननीय सदस्य नियम 377 के अधीन अपने विषय का वाचन करना चाहते हैं, तो भोजनावकाश के पश्चात उनको अवसर प्रदान किया जाएगा, आप वैसा भी कर सकते हैं।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल जी : उपस्थित नहीं।

श्री तीरथ सिंह रावत जी।